8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


# ओवरब्रिज निर्माण से फाटक पार करना बना जानलेवा



निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास से निकलते राहगीर

**फरीदपुर,अमृत विचार :** निर्माणाधीन ओवरब्रिज के चलते रेलवे फाटक के दूसरी ओर रहने वाली जनता गंभीर परेशानियों का सामना कर रही है। वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद है, लेकिन लोग जान जोखिम में डालकर पैदल फाटक पार करने को मजबूर हैं। फाटक तक पहुंचने से पहले गहरे गड्ढों से गुजरना पड़ता है, जिससे खासकर स्कूली छात्र-छात्राओं की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है और आए दिन हादसे हो रहे हैं। सोमवार को फतेहगंज पूर्वी के एक पशु चिकित्सक की ट्रेन हादसे में मौत ने स्थिति की भयावहता उजागर कर दी। वैकल्पिक रास्ते के रूप में नवादा बंद के पास अंडरपास और तालाब किनारे से गुजरना पड़ता है, जहां हाल ही में एक महिला का शव भी मिला था। बरसात में पुलिया के नीचे का रास्ता भी जलभराव से बंद हो जाता है, जिससे समस्या और बढ़ जाती है।

## न्यूज डायरी

### तहसील और सीएचसी में कराया दवा का छिड़काव



**मीरगंज अमृत विचार :** मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को ध्यान में रखते हुए धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड द्वारा तहसील परिसर सहित नगरिया सादात तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मच्छरनाशी दवा का छिड़काव कराया गया। इस दौरान तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, डॉक्टर वैभव राठौर, विनय भदोरिया एवं प्रधान शिवकुमार ( ने कार्यक्रम की सराहना की । इकाई प्रमुख सरबजीत सैनी ने बताया कि क्षेत्र के ग्रामीणों एवं किसान भाइयों को मच्छरों के प्रकोप से बचाने तथा उनसे फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया है। इस दौरान अरविंद गंगवार ( कारखाना प्रबंधक ) एवं संजय कुमार सिंह ( वरिष्ठ प्रबंधक, प्रशासन ) आदि रहे।

### हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़े भक्त, भजनों पर झूमे



**शीशगढ़, अमृत विचार :** राजश्री शीशगढ़ के रामलीला मैदान में हनुमान जन्मोत्सव में 7 अप्रैल की रात को नौवीं बार श्री बालाजी दरबार सजाया गया। इस अवसर पर बिल्सा, गिरधरपुर, गुलामगंज, बल्ली और जियानगला जैसे विभिन्न गांवों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और दरबार में हाजिरी लगाई ।दरबार में महंत गौरव अग्रवाल ( दिनेशपुर ), सुरभि सरगम ( शाहजहांपुर ) और रामकुमार लक्खा ( दिल्ली ) ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया गया और अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। इस अवसर पर सौरभ अग्रवाल, रामप्रकाश गुप्ता, राजकुमार वर्मा, अंटू रस्तोगी, रामौतार मौर्य, अंकुश गुप्ता, ओमपाल राजपूत, राजीव गुप्ता और बबलू रस्तोगी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### कार्यक्रम सुव्यवस्थित करने को एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**नवाबगंज अमृत विचार :** अंबेडकर जयंती के मद्देनजर आजाद समाज पार्टी ने प्रशासन के सामने व्यवस्थाओं को लेकर अपनी मांगें रखीं। बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर 14 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित कराने की मांग की ।जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह गौतम के नेतृत्व में सौंपे गए सात सूत्रीय ज्ञापन में अंबेडकर पार्कों और प्रतिमाओं की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई और समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही जिन गांवों में अंबेडकर प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां पर्याप्त रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई। पार्टी ने गर्मी को देखते हुए जयंती कार्यक्रमों के दौरान पेयजल की बेहतर व्यवस्था कराने, कार्यक्रमों में किसी प्रकार का प्रशासनिक अवरोध न होने देने और सभी आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की। इसके अलावा जयंती से संबंधित अनुमति आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई कर अनुमति प्रदान करने की भी मांग उठाई गई।

## छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

**आंवला, अमृत विचार :** बुधवार को प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संगठन मंत्री सत्यार्थ पाराशरी ब्लॉक महामंत्री विपिन कुमार प्रधान लल्ला बाबू उपस्थित रहे । सभी कक्षा में प्रथम, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। सभी कक्षाओं में सबसे अधिक उपस्थिति वाले छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
मैं, No-16114510K L/HAV मोहम्मद रेहान, निवासी आशियाना कॉलोनी, आला हज़रत हॉस्पिटल रोड के पास, बरेली-243006, राजेश कुमार एडवोकेट और नोटरी, ज़िला न्यायालय, बरेली के समक्ष दिनांक 25.03.2026 के शपथ पत्र के माध्यम से यह घोषणा करता हूँ कि मेरे पिता का नाम बशीर अहमद है, जिनकी जन्मतिथि 18.07.1963 है, नाकि वशीर अहमद, जिनकी जन्मतिथि 01.07.1962 है; और मेरी माता का नाम रेहना बेगम है, जिनकी जन्मतिथि 13.07.1965 है, नाकि रेहाना बेगम, जिनकी जन्मतिथि 01.07.1964 है।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

खबरें www. amrit vichar.com पर भी पढ़ें


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।
कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।
(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना)

पत्रांक :–29/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2026–27/ दिनांक :–01.04.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | प्रस्तावक का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी रहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (लाख मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| त्वरित आर्थिक विकास योजना वर्ष 2025–26 | | | | | | | |
| 1. | बरेली | श्री शहजिल इस्लाम मा0 विधायक भोजीपुरा | ग्राम टांडा विकास खण्ड शेरगढ में आर0बी0 डिग्री कालेज से मोहिउद्दीनपुर तक सडक का निर्माण कार्य। (वि0ख0–शेरगढ) | 30.46 | 0.61 | 2354 | 03 माह |
| 2. | बरेली | | ग्राम बंजरिया जागीर में पुलिया से भूरा के घर होते हुये मेन रोड तक एवं मो0 सलीम के घर से मो0 याकूब की दुकान तक सडक का निर्माण कार्य। (वि0ख0–भोजीपुरा) | 22.42 | 0.45 | 2354 | 03 माह |
| 3. | बरेली | | ग्राम डहिया में दन्ने उस्ताद के घर से नवी शेर खां के घर होते हुये धौरा–टांडा मार्ग तक सडक का निर्माण कार्य। (वि0ख0–भोजीपुरा) | 31.63 | 0.63 | 2354 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 10.04.2026
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 08.05.2026 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 11.05.2026, अपरान्ह 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

(विनय कुमार शर्मा) अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP-249342 दिनांक 07.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।
कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।
(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना)

पत्रांक :–25/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2026–27/ दिनांक :–01.04.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | प्रस्तावक का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी रहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (लाख मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| त्वरित आर्थिक विकास योजना वर्ष 2025–26 | | | | | | | |
| 1. | बरेली | डा0 अरूण कुमार मा0 विधायक, नगर क्षेत्र | मो० बसंत बिहार में संध्या सक्सेना के घर में अनुज सक्सेना के घर तक सी० सी० व श्याम सिंह के घर से सियाराम सागर के घर तक एवं मो० बसंत बिहार में नरेन्द्र पाल सिंह के घर से श्री छोटे लाल मास्टर के घर तक तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 27.95 | 0.56 | 2354 | 03 माह |
| 2. | बरेली | | मो० बसंत विहार फेस–2 में श्री छोटे लाल के घर से जितेन्द्र मोहन जोशी के घर होते हुए, राजेन्द्र गंगवार के घर तक एवं लिंक गली पार्क से के०के० गुप्ता के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 24.72 | 0.66 | 2354 | 03 माह |
| 3. | बरेली | | मो० बसंत विहार फेस–2 में अहिवरन लाल के घरसे पवन कुमार के घर होते हुए भुवनेश कुमार के मकान तक एवं विजय अग्रवाल के मकान से रमेश के मकान होते हुए मुख्य मार्ग तक और मो० बसंत विहार में रूपचंद शर्मा के घर से महेन्द्र गंगवार के घर तक एवं श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव के घर में चेतपाल गंगवार के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 33.22 | 0.66 | 2354 | 03 माह |
| 4. | बरेली | | मो० बसंत विहार फेस–2 में पाराशरी के मकान से आर०के० शर्मा की दुकान तक एवं दिनेश गंगवार के घर से नरेश गंगवार के घर होते हुए नई पुलिया तक व लिंक साइड गली में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 28.67 | 0.57 | 2354 | 03 माह |
| 5. | बरेली | | मो0 आशुतोष सिटी में पतंजली स्टोर से हिर्देश सक्सेना के घर होते हुए मलिकराम के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 33.80 | 0.68 | 2354 | 03 माह |
| 6. | बरेली | | मो० आशुतोष सिटी में मुनीश सक्सेना के मकान से कैलाश जोशी के मकान तक एवं आशीष गंगवार के मकान से आर्येन्द्र शर्मा के मकान तक व पातंजली स्टोर के सामने विनोद चौहान के मकान से दरोगा जी के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 32.01 | 0.64 | 2354 | 03 माह |
| 7. | बरेली | डा0 अरूण कुमार मा0 विधायक, नगर क्षेत्र | मो० वीरसावरकर नगर के सामने पी०एन०बी० कालोनी में दीपक सक्सेना के घर से एम०ई०एस० कालोनी 2 नवनिर्मित पार्क के आगे कालोनी के गेट तक व मो० पी०एन०बी० कालोनी के मुख्य दुवार से पार्क के निकट होते हुए अंत तक व मुख्य दुवार से वीरसावरकर नगर वाले मुख्य मार्ग तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 33.69 | 0.67 | 2354 | 03 माह |
| 8. | बरेली | | मो० नार्थ सिटी पाकेट 'ए' में डॉ० एस०के० भारद्वाज के मकान सं० सी–10 से सी–2 एवं ए–1 से ए–4 व सी–10 से ए–5 व सी–11 से संदीप गुप्ता होते हुए केशव पाराशर से सुरेन्द्र गुप्ता के घर से कॉलोनी के मुख्य गेट तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 32.42 | 0.65 | 2354 | 03 माह |
| 9. | बरेली | | मो० वीरसावरकर नगर में लविस सक्सेना के मकान से विनोद कुमार अग्रवाल के मकान तक व महेश पुरी के मकान से अनूप कुमार के मकान तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 19.42 | 0.39 | 854 | 03 माह |
| 10. | बरेली | | मो० जवाहर नगर में आर०के० रूपनवाल जी के घर से जे. पी. टेलर के कार्नर तक एवं श्रीराम विहार कालोनी में अनिल पटवा के घर से वैष्णवी ब्यूटी पार्लर की ओर सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 32.81 | 0.66 | 2354 | 03 माह |
| 11. | बरेली | | मो० एल०आई०सी० कालोनी में सरोज के घर से बनवारीलाल सागर के मकान होते हुए महावीर के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 33.37 | 0.67 | 2354 | 03 माह |
| 12. | बरेली | | मो० संजय नगर में सेंट फ्रांसिस इण्टर कॉलेज के गेट नं०–4 राज के मकान से जति के मकान तक एवं राजाराम घर से सेंट फ्रांसिस के गेट नं०–5 तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 16.11 | 0.32 | 854 | 03 माह |
| 13. | बरेली | | मो० आशुतोष सिटी में नीरज पांडे के मकान से बंटी सक्सेना के मकान तक व मास्टर धीर सिंह के घर से राजेश श्रीवास्तव के घर होते हुए कुशल कुमार के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 33.70 | 0.67 | 2354 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 10.04.2026
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 08.05.2026 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 11.05.2026, अपरान्ह 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

(विनय कुमार शर्मा) अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP-249340 दिनांक 07.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# प्रभारी डीपीआरओ रिश्वत लेते गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- जांच के निस्तारण के लिए की थी 25 हजार रुपये की मांग

**अमृत विचार:** सतर्कता अधिष्ठान बरेली की टीम ने बुधवार को विकास भवन में छापा मारकर प्रभारी डीपीआरओ रिजवान अहमद को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई ने जिले के प्रशासनिक तंत्र में भारी हलचल मच गई।

जानकारी के अनुसार, आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता से पूर्व में ग्राम पंचायतों में कराए गए छह विकास कार्यों में अनियमितताओं की जांच के निस्तारण के नाम पर 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था और जांच लंबित थी। इसी को खत्म करने के एवज में रकम की मांग की गई। शिकायतकर्ता ने मामले की शिकायत सतर्कता अधिष्ठान बरेली से की।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।
कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।
(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना)

पत्रांक :–27/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2026–27/ दिनांक :–01.04.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | प्रस्तावक का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी रहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (लाख मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| त्वरित आर्थिक विकास योजना वर्ष 2025–26 | | | | | | | |
| 1. | बरेली | डा0 राघवेन्द्र शर्मा मा0 विधायक बिथरीचैनपुर | ग्राम कांधरपुर में यशवीर लोधी (मण्डल अध्यक्ष) के मकान से विश्वास महाजन के मकान तक, इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–क्यारा) | 33.46 | 0.67 | 2354 | 03 माह |
| 2. | बरेली | | ग्राम हेवतपुर में पक्की पुलिया से कांता प्रसाद के मोड़ तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–क्यारा) | 28.12 | 0.56 | 2354 | 03 माह |
| 3. | बरेली | | ग्राम नथा गौटिया में शिव मन्दिर से छेदा लाल मीठे के बाग होते हुये रेलवे अंडर पास तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–आलमपुर जाफराबाद) | 23.12 | 0.46 | 2354 | 03 माह |
| 4. | बरेली | | ग्राम श्यामपुर में प्रा० विद्यालय से राम सिंह के तिराहा तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–आलमपुर जाफराबाद) | 26.31 | 0.53 | 2354 | 03 माह |
| 5. | बरेली | | ग्राम दिगोई में रघुवीर सिंह के मकान से जूनियर विद्यालय तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–आलमपुर जाफराबाद) | 29.78 | 0.60 | 2354 | 03 माह |
| 6. | बरेली | | ग्राम गहरा में मेंन रोड पुलिया से यज्ञशाला तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–आलमपुर जाफराबाद) | 30.67 | 0.61 | 2354 | 03 माह |
| 7. | बरेली | | ग्राम पंचायत हर्रमपुर में बब्लू के मकान के सामने से बनारा मार्ग तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–आलमपुर जाफराबाद) | 19.43 | 0.39 | 854 | 03 माह |
| 8. | बरेली | | ग्राम उमरसिया में शिव मन्दिर से नरेश के मकान तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–क्यारा) | 16.80 | 0.34 | 854 | 03 माह |
| 9. | बरेली | | ग्राम बलेई में संजय सिंह के मकान से धर्मवीर के मकान तक इंटर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–मझगवां) | 11.40 | 0.23 | 854 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 10.04.2026
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 08.05.2026 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 11.05.2026, अपरान्ह 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

(विनय कुमार शर्मा) अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP-249341 दिनांक 07.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।
कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।
(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना)

पत्रांक :–31/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2026–27/ दिनांक :–01.04.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :–

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | प्रस्तावक का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी रहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (लाख मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| त्वरित आर्थिक विकास योजना वर्ष 2025–26 | | | | | | | |
| 1. | बरेली | श्री कुँवर महाराज सिंह, मा0 विधान परिषद सदस्य रामपुर | ग्राम पंचायत धौरेरा में गन्ना सेन्टर से श्री सुखलाल के घर तक मार्ग का निर्माण कार्य। (वि0ख0–भुता) | 31.19 | 0.62 | 2354 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 10.04.2026
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 08.05.2026 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 11.05.2026, अपरान्ह 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

(विनय कुमार शर्मा) अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP-249345 दिनांक 07.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी खीरी

पत्रांक:– मु.चि.अ./UAAM/भवन/2026–27/222 दिनांक: 08.04.2026

**विज्ञप्ति**

जिले में PM-ABHIM(07 U-AAM), 15th FC (05 U-AAM) योजनाओं के अन्तर्गत नगरीय क्षेत्रों में निम्न मानक के अनुरूप किराये पर भवन की आवश्यकता है–

| क्र. | परियोजना | नगर क्षेत्र | मोहल्ला | भवन क्षेत्रफल | प्रस्तावित किराया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PM-ABHIM | लखीमपुर | भूइफोरवानाथ, रामनगर, हिदायतनगर | लगभग 1400 वर्गफुट | रू. 16 प्रतिवर्गफुट कारपेट एरिया (अधिकतम रू. 50,000 प्रतिमाह) |
| 2. | | मोहम्मदी | सरैया | लगभग 1400 वर्गफुट | रू. 12 प्रतिवर्गफुट कारपेट एरिया (अधिकतम रू. 30,000 प्रतिमाह) |
| 3. | | पलिया | टेहरा, सिंघाइया | लगभग 1400 वर्गफुट | रू. 12 प्रतिवर्गफुट कारपेट एरिया (अधिकतम रू. 30,000 प्रतिमाह) |
| 4. | | गोला | लाम्बानगर | लगभग 1400 वर्गफुट | रू. 12 प्रतिवर्गफुट कारपेट एरिया (अधिकतम रू. 30,000 प्रतिमाह) |
| 5. | 15th - FC | धौरहरा | जुलाइन टोला, घोसियाना | लगभग 1400 वर्गफुट | रू. 12 प्रतिवर्गफुट कारपेट एरिया (अधिकतम रू. 30,000 प्रतिमाह) |
| 6. | | खीरी | पट्टी रामदास | लगभग 1400 वर्गफुट | रू. 12 प्रतिवर्गफुट कारपेट एरिया (अधिकतम रू. 30,000 प्रतिमाह) |
| 7. | | निघासन | डीहपुर, चन्द्रगुप्त नगर (परागीपुरवा) | लगभग 1400 वर्गफुट | रू. 12 प्रतिवर्गफुट कारपेट एरिया (अधिकतम रू. 30,000 प्रतिमाह) |

1. भवन में 06 कक्षों के अतिरिक्त 02 शौचालय के साथ मरीजों के बैठने हेतु स्थान एवं भवन हवादार होना चाहिए।
2. भवन में विद्युत कनेक्शन हो तथा बिजली एवं पानी की नियमित आपूर्ति हो। मरीजों हेतु एम्बुलेंस आदि आने जाने का पर्याप्त रास्ता हो।
3. इच्छुक भवन स्वामी अपने भवन का समस्त दस्तावेज डाक द्वारा कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद लखीमपुर खीरी के पते पर पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 25.04.2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
लखीमपुर खीरी


# इनामिया केशव ने भाई के साथ कोर्ट में किया सरेंडर

## प्लांट पर हत्याकांड : साजिशकर्ता अभय प्रताप सिंह फरार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कर्मचारी पर जानलेवा हमला और रंगदारी मांगने का आरोपी है सरेंडर करने वाला चंद्रशेखर

**अमृत विचार :** दातागंज स्थित एचपीसीएल के प्लांट पर हुए दोहरे हत्याकांड मामले में मुख्य आरोपी के दो सगे भाइयों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एक पर हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। बुधवार को डीआईजी ने इनाम बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिए थे। पुलिस दोनों को रिमांड पर लेगी। जिससे हत्याकांड से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान हो सके।

प्लांट पर 12 मार्च की दोपहर उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की निर्मम तरीके से गोली मारकर हत्या की गई थी। पुलिस ने हत्या करने के मुख्य आरोपी गांव सैंजनी निवासी अजय प्रताप सिंह को मुठभेड़ के बाद जेल भेजा था। पुलिस को पता चला था कि अजय प्रताप सिंह का सगा भाई केशव उर्फ मिचकू पुत्र राजेश कुमार और तहेरा भाई अभय प्रताप उर्फ कल्लू पुत्र राकेश सिंह हत्याकांड में शामिल था। उन दोनों पर पहले भी संगीन मामले दर्ज हैं। जघन्य अपराध करने के अभ्यस्त हैं। वह दोनों हत्याकांड के बाद से फरार चल रहे थे। उनकी तलाश में पुलिस की कई टीमों ने दबिश दी लेकिन दोनों हत्थे नहीं आ रहे थे। जिसके चलते पुलिस ने दोनों पर 2 अप्रैल को 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

सख्ती के बाद भी वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़े और न ही कोर्ट में सरेंडर किया था। जिसके चलते डीआईजी ने मंगलवार को इनाम की धनराशि बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दी। पुलिस के बढ़ते दबाव और गिरफ्तारी के डर से बुधवार दोपहर केशव उर्फ मिचकू ने अपने भाई चंद्रशेखर उर्फ नन्हे के साथ कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर दिया। चंद्रशेखर ने प्लांट के कर्मचारी राहुल मिश्रा पर जानलेवा हमला और रंगदारी मामले में सरेंडर किया है। सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंच गए।

## दो सगे भाइयों समेत तीन को उम्रकैद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** घर से बुलाकर जहर देकर हत्या करने के एक पुराने मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए दो सगे भाइयों समेत तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों पर अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला वर्ष 2012 का है। खम्भारखेड़ा निवासी सतनाम सिंह को थाना खीरी क्षेत्र के रुद्रपुर खुर्द गांव के रहने वाले मुंशी पुत्र हजारी, अजमत पुत्र आलम और आलम पुत्र हजारी ने 22 जुलाई 2012 को घर से बुलाया था। आरोप है कि वे उसे अपने झाले पर ले गए, जहां उसे जहर देकर मार डाला गया। घटना के बाद खीरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी, बाद में कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई।

# पिता-पुत्र के शव देखते ही भड़का आक्रोश, जाम लगाया

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव भिरावटी मझरा मलुआ घेर निवासी पिकअप चालक नरेश कुमार और उनके बेटे भीमसेन की हत्या के बाद जैसे ही शामली से दोनों के शव गांव पहुंचे तो ऐसा आक्रोश भड़का कि दोनों के शव सड़क पर रखकर भारी भीड़ ने जाम लगाकर हंगामा खड़ा कर दिया। हत्या करने वालों का एनकाउंटर करने के साथ ही परिवार को शवों के अंतिम संस्कार से पहले 50 लाख मुआवजा सहित कई मांगें रखी गईं। घंटों बाद भी जाम नहीं खुला तो प्रभारी पुलिस अधीक्षक व अपर जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को आश्वासन दिया। इसके बाद लोग रोड से हटे।

मंगलवार रात शामली में शव बरामद होने के बाद बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचे। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने दोनों शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।

### पिता-पुत्र का हत्यारोपी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल एक आरोपी मनोज निवासी चिंजरी, थाना मूसाझाग, जनपद बदायूं को धनारी क्षेत्र में घेर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के अनुसार, आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने गोली चलाई। गोली लगने से आरोपी घायल हो गया और उसे तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचनाः ओटी-01-2026

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिये ''खुली'' निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

**क्रम सं.-1,** निविदा सं.: ओटी-01-2026, कार्य का विवरणः बांसी–बलरामपुर–श्रावस्ती नई लाइन परियोजना के द्वितीय चरण में नई निर्माणाधीन ट्रैक लाइन के संरेखण में आने वाले 33 केवी के 21 अदद, 11 केवी के 173 अदद एवं 0.4 केवी के 60 अदद (कुल 254 अदद) यूपीपीसीएल के ओवरहेड लाइन क्रासिंगो को भूमिगत केबेलो के माध्यम से संशोधन करने का विद्युतीकरण कार्य। अनुमानित लागतः ₹ 15,86,11,067.96, बयाना राशिः ₹ 31,72,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ निल, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह, निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 28-04-2026 को 15:00 बजे।

**नोटः** • इस निविदा के विरूद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण
मुजाधि/विद्युत-07 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 15/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण :** कानपुर अनवरगंज-मथुरा अनुभागः- स्वीकृत ट्रैक नवीनीकरण कार्यों (सी.टी.आर./टी.आर.आर., आई.एस.डी., टी.टी.आर. आदि) के अन्तर्गत रेल की वेल्डिंग के लिए आर.डी.एस.ओ. द्वारा अनुमोदित एल्युमिनों थर्मिक वेल्डिंग पोर्शन का निर्माण एवं आपूर्ति तथा ए.टी. वेल्डिंग का निष्पादन, **अनुमानित लागत** : रु. 2,29,72,414.73, **बयाना राशि** : रु. 4,59,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 18 माह। **क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण :** (1) सी.से.इंजी./मथुरा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मथुरा स्टेशन पर प्लेटफार्म 1 एवं 2 की सतह में सुधार। (2) इज्जतनगर डिवीजन के मथुरा स्टेशन पर प्लेटफार्म-1 एवं 2 का विस्तार। (3) इज्जतनगर डिवीजन में समइं/मथुरा के अंतर्गत मरहरा, अगसौली एवं रतिका नगला स्टेशनों पर मीडियम लेवेल प्लेटफार्म को हाई लेवेल प्लेटफार्म बनाना, **अनुमानित लागत** : रु. 19,07,80,788.15, **बयाना राशि** : रु. 38,15,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 16 माह। **क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण :** इज्जतनगर मंडल के बिल्हौर स्टेशन के प्लेटफार्म नं.-1 एवं 2 के विस्तार एवं उठाने का प्रावधान एवं बिल्हौर स्टेशन का सुधार कार्य, **अनुमानित लागत** : रु. 9,67,45,400.60, **बयाना राशि** : रु. 19,35,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह।

**1.** ई-निविदा दिनांक 29.04.2026 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के **IREPS** वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-08 इज्जतनगर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें


# मुरादाबाद में ट्रक ने बाइक रौंदी, पिता-पुत्री की मौत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार दंपति और उनकी बेटी को ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में पिता और पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।

अमरोहा जनपद के थाना डिडौली क्षेत्र के गांव अफजलपुर निवासी असलम मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिवार में पत्नी गुलिस्ता और पांच बच्चे हैं। बताया गया कि असलम अपनी पत्नी गुलिस्ता और बेटी सुभाना के साथ नौरंगाबाद में शादी समारोह में शामिल होने आए थे। बुधवार की रात करीब 9 बजे तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में अन्य बाइक को बचाने के प्रयास में पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक को कुचल दिया।

# गोल्ड नीलामी के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी

**पलिया कलां, अमृत विचार:** नगर में गोल्ड नीलामी के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सस्ते में सोना दिलाने का लालच देकर कई लोगों से करोड़ों रुपये की रकम ऐंठ ली गई। मामला तब खुला जब पीड़ितों को न तो सोना मिला और न ही उनकी रकम वापस हुई, ऊपर से दिए गए चेक भी बाउंस हो गए।

मझगईं थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद आदेश शेख पर ठगी का आरोप है, जो पलिया स्थित एक्सिस बैंक में गोल्ड लोन से जुड़ा कार्य देखता था। आरोप है कि उसने लोगों को गोल्ड नीलामी में सस्ते दाम पर सोना दिलाने का भरोसा देकर लाखों-करोड़ों रुपये जमा कराए। लंबे समय तक पीड़ितों का मामला दबाए रखा गया।

# बस में गमछे से लटका मिला चालक का शव

**बिजनौर, अमृत विचार :** डिपो में खड़ी रोडवेज की बस में चालक का शव गमछे से फंदे पर लटका मिला। कंडक्टर ने शव को देखा तो रोडवेज के अधिकारियों व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा। मृतक की पहचान मुजफ्फरनगर जिले के मीरापुर थाना क्षेत्र निवासी धर्मेंद्र (33) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र को महज चार दिन पहले ही बिजनौर रोडवेज में संविदा पर चालक की नौकरी मिली थी। साथी कंडक्टर सलमान के अनुसार, मंगलवार रात में दोनों अपने-अपने घर चले गए थे, लेकिन देर रात धर्मेंद्र वापस बस अड्डे पर लौटा और उसी बस के अंदर यह कदम उठा लिया।

